हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 1 जून 2026


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


12 जलभराव को लेकर कांग्रेस सड़कों पर सरकार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन





12 'मन की बात' देश को जोड़ने का सशक्त माध्यमः विज




## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से चुराए 23 हजार रुपये

**यमुनानगर।** गांव शहजादपुर भीलपुरा में चोर ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 23 हजार रुपए चोरी कर लिए। घटना के समय दुकानदार दुकान का ताला लगाकर दोपहर को खाना खाने के लिए घर गया था। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भीलपुरा निवासी रणधीर ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव शाहजहांपुर भीलपुरा के पास दुकान है। 30 मई को दोपहर एक बजे वह दुकान का एल्युमिनियम डोर का ताला लगाकर घर खाना खाने के लिए चला गया था। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस दुकान पर लौटा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर गल्ले से 23 हजार रुपये गायब मिले।

### रंजिश के चलते युवक को पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर के तेजली में रंजिश के चलते आधा दर्शन युवकों ने शंकरपुरी कॉलोनी निवासी उज्वल को रास्ते में रोककर उस पर हमला कर दिया। हमले में उज्ववल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार श्मशान घाट शंकरपुरी कॉलोनी निवासी उज्वल ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले दुर्गा गार्डन निवासी रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य दोस्तों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। इसके बाद से आरोपी रोहित उससे रंजिश रखने लगा। उज्वल ने बताया कि 29 में को शाम सात बजे वह तेजली किसी काम से जा रहा था।

### महंगाई के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन आज

**पानीपत।** इनेलो के शहरी जिलाध्यक्ष कपिल बुद्दिराजा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें पेट्रोल.डीजल और सीएनजी की कीमतों को राजस्व वसूली का हथियार बना रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 100 प्रति बैरल से नीचे आने के बावजूद पेट्रोल, डीजल और घरेलू व कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। जिसके खिलाफ इनेलो द्वारा 1 जून को हरियाणा के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर प्रातः 10 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कपिल बुद्दिराजा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह आज 1 जून को प्रातः10 बजे जीटी रोड स्थित लघु सचिवालय के बाहर पहुंचे तथा अभय सिंह चौटाला के हाथ मजबूत करें।

## जीटी रोड पर पर भीषण सड़क हादसा

# ट्रक के पीछे घुसी दूध सप्लाई की गाड़ी, इकलौते बेटे की मौत

- हादसे में करनाल के कलवेहड़ी गांव निवासी 21 वर्षीय प्रिंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ट्रक के पीछे घुसी दूध सप्लाई की गाड़ी।

दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-44 पर शाहाबाद के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसे में करनाल के एक युवक की मौत हो गई। दूध की गाड़ियां चलाकर परिवार का पेट पालने वाले पिता के सामने ही उसके 21 साल के बेटे ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद से ही पीड़ति परिवार और पूरे कलवेहड़ी गांव में मातम पसरा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, करनाल के कलवेहड़ी गांव के रहने वाले 53 वर्षीय रामसरूप ने अपनी अशोक लेलैंड गाड़ी को मदर डेयरी के बूथों पर दूध सप्लाई के काम में लगाया हुआ है। वे रोजाना करनाल से पंचकूला तक दूध पहुंचाने का काम करते हैं। हमेशा की तरह 30 मई की रात को भी करीब 1 बजे रामसरूप करनाल से दूध की खेप लोड करके पंचकूला के लिए रवाना हुए थे। रामसरूप अकेले न जाएं, इसलिए उनका इकलौता बेटा प्रिंस (21) भी इस बार हेल्पर के तौर पर अपने पिता के साथ गाड़ी में गया था। दोनों ने शनिवार रातभर जागकर पंचकूला के अलग-अलग बूथों पर दूध की सप्लाई दी।

रविवार सुबह काम खत्म करने के बाद दोनों बाप-बेटा वापस अपने गांव कलवेहड़ी लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े 9 बजे जब उनकी गाड़ी जीटी रोड पर शाहाबाद इलाके में स्थित नौ गजा पीर से थोड़ा आगे निकली, तभी यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि उनकी गाड़ी के आगे चल रहे एक ट्रक के चालक ने बिना कोई इंडिकेटर या सिग्नल दिए अचानक बीच सड़क पर ही जोरदार ब्रेक लगा दिए। रामसरूप जब तक संभल पाते और अपनी गाड़ी को रोक पाते, उनकी गाड़ी सीधे आगे चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और वह ट्रक के नीचे ही फंस गई।

### केबिन काटकर बाहर निकाले गए पिता-पुत्र

हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। रामसरूप और उनका बेटा प्रिंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके केबिन के अंदर ही फंस गए और हिल भी नहीं पा रहे थे। मौके पर जुटे राहगीरों ने तुरंत इस बात की सूचना शाहाबाद पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर राहगीरों की मदद से लोहे की रॉड और कटर मंगाए। काफी मशक्कत के बाद गाड़ी के दरवाजों को तोड़ा गया और केबिन का हिस्सा काटकर दोनों को लहूलुहान हालत में बाहर निकाला गया। दोनों को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए आदेश अस्पताल मोहड़ी पहुंचाया गया। वहां प्रिंस की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। वहीं पिता रामसरूप को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से भागने में कामयाब रहा।

# पानीपत नहर में नहाने गए दो दोस्त बहे, 14 वर्षीय रोशन लापता, सर्च जारी

- पानीपत के सौदापुर गांव के पास दिल्ली पैरलल नहर में हुआ हादसा
- गोताखोर नाव और जाल की मदद से कई किलोमीटर तक तलाश कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत के सौदापुर गांव के पास स्थित दिल्ली पैरलल नहर में रविवार दोपहर नहाने गए दो किशोर गहरे पानी में बह गए। इनमें से एक किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि 14 वर्षीय रोशन तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। घटना के बाद पुलिस, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीमों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जाटल रोड स्थित भगत कॉलोनी निवासी रोशन अपने एक दोस्त के साथ बिना बताए घर से निकला था। दोनों घूमते हुए सौदापुर के पास नहर पर पहुंच गए। भीषण गर्मी के चलते उन्होंने नहर में नहाने का फैसला किया। नहाते समय दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे गहरे पानी में चले गए। एक किशोर पानी के बहाव के साथ किनारे तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन रोशन तेज धारा में बह गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को भी सूचना दी। रोशन के पिता शमसुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा सातवीं कक्षा का छात्र है और तीन बहनों का इकलौता भाई है। बेटे के लापता होने की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

गोताखोरों की टीम नाव और जाल की मदद से कई किलोमीटर तक नहर में रोशन की तलाश कर रही है। देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस का कहना है कि बच्चे की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा।

### 5 किलो 695 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**तरावड़ी।** पुलिस अधीक्षक करनाल के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-2 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम गशत थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गांव सौकड़ा क्षेत्र से आरोपी बलविंदर सिंह पुत्र रिछपाल निवासी गांव सौकड़ा, थाना तरावड़ी, जिला करनाल को काबू किया।

## दिल्ली पुलिस का जवान बनने से पहले सड़क हादसे में गई युवक की जान

- ट्राले की टक्कर से नितिन बाइक से गिर गया और ट्राले के टायर उसके दोनों पैरों के ऊपर से निकल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

शनिवार दोपहर शाहपुर-गन्नौर रोड पर एक सडक़ हादसे में 21 वर्षीय युवक नितिन की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्राले ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि नितिन दिल्ली पुलिस का टेस्ट पास कर चुका था और जल्द ही उसकी जॉइनिंग होनी थी। घटना थाना इसराना क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर से आगे एक अकादमी के सामने हुई। ट्राले की टक्कर से नितिन बाइक से गिर गया और ट्राले के टायर उसके दोनों पैरों के ऊपर से निकल गए। हादसे के बाद ट्राला ड्राइवर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से नितिन को तुरंत पीजीआई खानपुर ले जाया गया। पीजीआई खानपुर में नितिन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रोहतक ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को वापस पीजीआई खानपुर लाया गया। मृतक नितिन गांव दोदुभेटा निवासी नरेश का बेटा था। उसके चाचा सुरेश कुमार ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। थाना इसराना पुलिस ने मामले की सूचना मिलने पर कार्रवाई की। नितिन के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 58.69 लाख की ठगी

- आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, युवती पर ठगी का आरोप

**अंबाला।** शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफे का झांसा देकर मर्चेंट नेवी के एक अधिकारी से 58 लाख 69 हजार 759 रुपये की धोखाधड़ी की गई। मोहाली के विशाल मेहता ने आरोप लगाया है कि प्रेम नगर की एक युवती ने खुद को नामी ब्रोकिंग कंपनी एंजल वन की एक्सपर्ट एजेंट बताकर झांसे में लिया। युवती ने ठगी को छिपाने के लिए कंपनी के नाम पर दर्जनों फर्जी ईमेल व इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज तैयार किए। एसपी अंबाला के आदेश पर आर्थिक अपराध शाखा ने जांच कर युवती श्रेया तनेजा के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। विशाल मेहता ने बताया कि वह मर्चेंट नेवी में अधिकारी हैं। पहले वह अंबाला शहर के प्रेम नगर में रहते थे। जुलाई 2024 में उनके पड़ोस में रहने वाली श्रेया तनेजा ने उनसे संपर्क किया था। श्रेया ने खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट व एंजल वन की अधिकृत एजेंट बताया। झांसे में आकर अलग-अलग किश्तों में 67 लाख 19 हजार 900 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। जब भी डीमैट अकाउंट की जानकारी या शेयर सर्टिफिकेट मांगते तो आरोपी कोई न कोई बहाना बना देती। भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने कुछ मौकों पर मुनाफे के नाम पर कुछ रकम वापस ट्रांसफर की जो वास्तव में निवेश किए गए पैसों का हिस्सा थी। फरवरी 2025 में आरोपी ने एक फर्जी ई-मेल दिखाया जिसमें लिखा था कि 46 लाख निकालने के लिए 9 लाख और जमा करने होंगे। युवती ने डेटा लीक का बहाना बनाकर एंजल वन के नाम से बने कई और जाली ईमेल दिखाए व अगस्त 2026 तक पैसे लौटाने का झांसा दिया। बाद में पता चला कि श्रेया कोई एजेंट नहीं है। इस तरह से 58 लाख 69 हजार 759 रुपये की धोखाधड़ी हुई।

## विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर अश्लील फोटो से किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- गला घोंटने का भी प्रयास

ससुराल पक्ष द्वारा एक विवाहिता पर अत्याचार, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी देने का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। उचाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर अपने ससुराल वालों और अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना सदर करनाल में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही सोनीपत निवासी विक्की, बन्ता, सुमन, रोहित और कालू उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पीड़िता पर दबाव डाला कि यदि वह दहेज नहीं ला सकती, तो कालू नाम के व्यक्ति के साथ गलत संबंध बना ले, क्योंकि उसके पास काफी जमीन और पैसा है। जब विवाहिता ने इसका कड़ा विरोध किया, तो उसे एक कमरे में बंद कर कई दिनों तक भूखा-प्यासा रखा गया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में 30 मई को थाना सदर करनाल में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जांच अधिकारी मीनू को सौंपी गई है।

### पेन ड्राइव में सौंपे पुख्ता सबूत

विवाहिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस को एक पेन ड्राइव सौंपी है। इस पेन ड्राइव में आरोपियों द्वारा दी गई धमकियों और बातचीत की रिकॉर्डिंग मौजूद है। साथ ही जिन रिश्तेदारों को अश्लील तस्वीरें दिखाई गई थीं, उनके बयान भी रिकॉर्डिंग के रूप में पुलिस को दिए गए हैं।

## नाबालिग बेटी के प्रेम विवाह की जानकारी मिलने पर परिवार के उड़े होश, आरोपी युवक पर केस दर्ज

- कल्याण समिति की जांच में आठ माह की गर्भवती होने का भी खुलासा

**करनाल।** जिले में एक नाबालिग लड़की के प्रेम विवाह का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। लड़की की मां की शिकायत पर बाल कल्याण समिति ने जांच की, जिसमें जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर लड़की के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। मेडिकल जांच में लड़की करीब आठ माह की गर्भवती भी पाई गई है। समिति के समक्ष लड़की की मां ने बताया कि उसकी छह संतानें हैं और बड़ी बेटी ने जुलाई 2025 में एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। परिवार को इसकी जानकारी काफी बाद में मिली। मार्च 2026 में जब मां को बेटी की गर्भावस्था का पता चला तो उसने मामले की शिकायत बाल कल्याण समिति को दी। जांच के दौरान प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र में लड़की की जन्म तिथि 30 जून 2008 दर्ज मिली, जिसके अनुसार विवाह के समय उसकी आयु 17 वर्ष 18 दिन थी। बाल कल्याण समिति ने मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट पुलिस को भेजी। इसके आधार पर थाना सदर करनाल में 30 मई को आरोपी युवक के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## खैर पेड़ चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई

# फिल्मी कहानी रचकर वन कर्मियों पर गोली चलाने वाला शाहरुख गिरफ्तार

- आरोपियों ने खुद पर और अपनी गाड़ी पर चलाई थी गोली, वन विभाग के कर्मचारियों पर मढ़ा था झूठा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी शाहरुख।

थाना शहजादपुर पुलिस ने मुस्तैदी और गहन तफ्तीश के चलते खैर के पेड़ चोरी करने और खुद पर गोली चलाकर फिल्मी कहानी रचने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शाहरुख निवासी गांव जट्टांवाला, थाना छछरौली, जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक कुल चार आरोपियों को काबू कर चुकी है। बता दें कि मामले की शुरुआत जून 2025 को हुई थी, जब वन दरोगा सुभाष चंद ने आरोपी परवेज खान व उसके अन्य साथियों के खिलाफ खैर के पेड़ चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए खैर के पेड़ों से भरी एक पिकअप गाड़ी भी बरामद की थी। खुद को कानूनी शिकंजे से बचाने और वन विभाग के कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए आरोपियों ने एक बेहद शातिराना और फिल्मी साजिश रची। आरोपियों ने खुद ही अपनी गाड़ी और स्वयं पर गोली चलाई और इसका झूठा आरोप वन विभाग के कर्मचारियों पर मढ़ते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस की गहन जांच के सामने आरोपियों की यह झूठी कहानी टिक नहीं सकी और पूरी साजिश का भंडाफोड़ हो गया था। पुलिस इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक पुलिस आरोपी परवेज खान, सौरभ, शाहरुख समेत चार आरोपियों को काबू कर चुकी है। थाना प्रबंधक ओम चंद ने बताया कि ताजा गिरफ्तार आरोपी शाहरुख को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# स्कॉर्पियो और थार की टक्कर में एक युवक की मौत, तीन घायल

- साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर के पास हुआ हादसा
- दो महीने पहले अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा था मृतक युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गांव असगरपुर के पास उस समय हुआ, जब कालाआंब की ओर जा रही स्कॉर्पियो और सामने से आ रही थार जीप की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के सभी एयरबैग खुल गए और वाहन कई पलटियां खाते हुए बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं थार के एक तरफ के दोनों टायर फट गए और उसके रिम तक टूट गए।

हादसे में स्कॉर्पियो सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान गांव लाहड़पुर निवासी 25 वर्षीय रितिक ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य तीन युवकों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। रितिक पूर्व सरपंच राजेंद्र कुमार का इकलौता बेटा था।

घायल ललित सैनी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर पर था। इसी दौरान उसके ताऊ के बेटे रितिक का फोन आया। रितिक ने बताया कि उसके दोस्त रजत और हर्ष, निवासी गांव प्यारेवाला (पंचकूला), उससे मिलने आ रहे हैं और सभी को साथ कहीं घूमने जाना है। कुछ देर बाद दोनों दोस्त काले रंग की स्कॉर्पियो लेकर गांव पहुंचे। इसके बाद चारों पहले रसूलपुर गए और फिर वहां से कालाआंब की ओर रवाना हो गए। उस समय स्कॉर्पियो रितिक चला रहा था, जबकि ललित उसके साथ अगली सीट पर बैठा था।

## बीएसएफ जवान के दूसरी महिला से संबंध होने पर पत्नी ने लगाई फांसी, मौत

**समालखा।** समालखा में बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने अपने घर में फांसी लगा ली। वहहीं कल महिला व सब इंस्पेक्टर के बेटे का पहला जन्मदिन है। महिला के पिता ने पति, सास और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही यह भी कहा कि दामाद के किसी और महिला से अवैध संबंध हैं। बेटी ने उसकी वॉट्सएप चैट पढ़ ली थी। इसके बाद से वह बेहद परेशान थी। समालखा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति और सास ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजस्थान के तिजारा अलवर निवासी हवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटी रीतू की शादी करीब 2 साल पहले समालखा की गांधी कॉलोनी निवासी संजय के साथ हुई थी। संजय बीएसएफ में सब.इंस्पेक्टर है और वर्तमान में उसकी तैनाती पश्चिम बंगाल में है। शादी के बाद से ही रीतू को उसका पति संजय, सास कृष्णा और ससुर देसराज दहेज को लेकर ताने देते थे। हवा सिंह ने आरोप लगाया कि संजय का किसी दूसरी महिला के साथ प्रेम.प्रसंग चल रहा था। इसी कारण संजय कभी रितू को अपने साथ बंगाल नहीं लेकर गया। रीतू ने संजय के मोबाइल में महिला की वॉट्सएप चैट और दोनों की तस्वीरें देख ली थीं। जब रीतू ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। उसने रोते हुए मायके वालों को भी बताया था। हवा सिंह के अनुसार 30 मई की सुबह संजय और रीतू के बीच फोन पर विवाद हुआ था।

## बीएलओ के लिए जल्द होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

# बीएलओ मतदाताओं के भरवाएंगे एन्यूमरेशन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जल्द ही बीएलओ, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों व राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटो के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उन्हें निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं के एन्यूमरेशन फार्म भरवाएंगे। वहीं, फोटो अपडेट करेंगे तथा हस्ताक्षर करवाकर फार्म प्राप्त करेंगे। साथ ही नए मतदाताओं के लिए आवश्यक फार्म-6 भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। मतदाता ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकेंगे। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि 14 जुलाई तक जिले के सभी मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रेशनलाइजेशन) किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों तथा किसी मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। साथ ही परिवार एवं एक ही क्षेत्र के मतदाताओं को यथासंभव एक ही मतदान केंद्र से जोड़ा जाएगा।

### 21 जुलाई को मतदाता सूची होगी प्रकाशित



उपायुक्त प्रीति ने बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 21 जुलाई से 18 सितंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिन मतदाताओं का नाम सूची में शामिल नहीं होगा। उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि बीएलओ प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने के लिए कम से कम तीन बार घर घर जाकर संपर्क करेंगे। राजनीतिक दलों के बीएलए भी मतदाताओं को रफार्म भरने, दस्तावेज जमा करवाने तथा अन्य प्रक्रियाओं में सहयोग करेंगे। उन्होंने जिले के नागरिकों से जब बीएलओ घर घर सर्वेक्षण के लिए आएं तो उन्हें पूरा सहयोग दिए जाने के लिए अनुरोध किया है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि 1 जुलाई 1987 से पूर्व जन्मे नागरिकों को स्वयं का एक मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर कृष्ण गोशाला में हुआ हवन

**करनाल।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला के देवधाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में नरेश गोयल और अजय गुप्ता ने भाग लिया। यज्ञ में देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है और इस दिन किए गए पूजा-पाठ, दान-पुण्य एवं यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एसके गोयल और महासचिव रामकुमार गुप्ता ने बताया कि गऊशाला में गौवंश चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है, जहां घायल और बीमार गौवंश का निशुल्क उपचार किया जाता है। इस अवसर पर दुलिया राम शर्मा, गुरुदयाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, हरि प्रकाश गुप्ता, संजय बत्रा, प्रदीप गुप्ता, अरुण बंसल, विकास बंसल, राजेश सिंगला और ईश्वर गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 250 यूनिट रक्त एकत्रित

**करनाल।** श्री सनातन धर्म सभा, जेसीआई करनाल गोल्ड, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से श्री सनातन धर्म मंदिर, कुंजपुरा रोड में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के लिए लगभग 275 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 250 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज एवं सरकारी अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रह किया। मुख्य अतिथि मेयर रेणु बाला गुप्ता और उद्योगपति तरुण बंसल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। ओम मुटरेजा, संजय चावला, पूर्ण मुटरेजा, शाम चावला, सुनील चावला, देवेन्द्र चावला, योगेश भारती, बलदेव गिरधर, प्रमोद बंसल, दुर्गेश गुप्ता, गौरव मित्तल, रजत गुप्ता, साहिल अग्रवाल, राम प्रसाद गोयल, रमन बंसल, आशीष जुनेजा, सुनील मलिक, आनन्द शर्मा,प्रदीप नंदा आदि मौजूद रहे।

### श्री राम मंदिर में शिव स्तुति व सुंदरकांड पाठ

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और शिव स्तुति पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में सुलोचना बंसल, सुशील बंसल, परवीन और नीरज उपस्थित रहे। भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक कर पुष्प, बेलपत्र, गुलाल और फलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद शिव स्तुति और पंचाक्षरी मंगलम का पाठ हुआ। अनु खट्टर ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पंडित अनिल द्विवेदी ने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा से भगवान शिव का श्रृंगार करता है, भोलेनाथ स्वयं उसके जीवन को संवारते हैं। सायंकाल सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोम पोपली, अशोक मदान, मुरारी बत्रा, पवन धमीजा, सुषमा धमीजा, अनीता, मीनाक्षी, प्रियंका, वेद दुआ, सुनैना मदान, संगीता बत्रा, रविंद्र बत्रा, अनिल छाबड़ा, दिलीप गांधी, सीमा बंसल और संजीव ढींगरा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विस अध्यक्ष कल्याण ने कार्यक्रम में की शिरकत

# महापुरुष किसी एक जाति के नहीं, पूरे समाज के होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर कार्यक्रम

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने गांव सदरपुर, रसूलपुर कलां और घरौंडा के वार्ड नंबर 1 में आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उपस्थित जनों को जयंती की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना संपूर्ण जीवन समाज, राष्ट्र और संस्कृति के लिए समर्पित किया। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने समाज और संस्कृति की रक्षा का दायित्व निभाया तथा शिक्षा, सुशासन और जनकल्याण को बढ़ावा दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार सभी महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मना रही है ताकि समाज को जातीय बंधनों से ऊपर उठाकर एकता के सूत्र में पिरोया जा सके। महापुरुष किसी एक वर्ग या जाति के नहीं, बल्कि पूरे समाज और मानवता की धरोहर होते हैं। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि करनाल में मेडिकल यूनिवर्सिटी और रिंग रोड जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों पर तेजी से कार्य चल रहा है। घरौंडा के वार्ड नंबर 1 में चौपाल निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा चौपाल के ऊपरी तल पर सर्व समाज के बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाई जाएगी। साथ ही कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पासवान, निर्मल बैरागी, जिला परिषद प्रतिनिधि धीरज खरकाली, हरीश चोपड़ा, ईशा चोपड़ा, दीपांशु चोपड़ा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शिवनाथ कपूर, डॉ. चरण सिंह, बलराज कश्यप, रतन सैनी, आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण।

### मन की बात कार्यक्रम से मिलती है देश को नई दिशा और प्रेरणा

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने आज वार्ड नंबर 11 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के विचारों को राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक बताया। कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ऐसे विषय और कहानियां सामने लाते हैं, जिससे हमारी प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

# संस्कारित और आत्मनिर्भर बेटियां ही सशक्त राष्ट्र की पहचान : रेनू

- पांच दिवसीय कन्या चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का उत्साहपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में तथा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, कैथल रोड के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कन्या चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह रविवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया मुख्य अतिथि तथा महापौर रेनू बाला गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

रेनू भाटिया ने शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि परिषद की यह आवासीय पहल अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बेटियों को चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, आत्मरक्षा और राष्ट्र निर्माण के संस्कार प्रदान करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसी शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हो सकता। इस प्रकार के शिविर बालिकाओं में आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी ऐसे शिविरों में भाग लिया है और उनका अनुभव है कि यहां प्राप्त ज्ञान, अनुशासन और संस्कार जीवन निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।



**करनाल।** छात्राओं का उत्साहवर्धन करतीं हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया।

# पंजाबी गायक अमर संधू ने बिखेरा गायकी का जादू

- बापू तेरे करके मैं पैरां ते खलो गयाङ्की गूंज से झूम उठा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अपने सुपरहिट गीत बापू तेरे करके मैं पैरां ते खलो गयासे युवाओं के दिलों पर खास पहचान बनाने वाले मशहूर पंजाबी गायक अमर संधू ने रविवार को तरावड़ी में पहुंचकर अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को संगीतमय बना दिया। उनके गीतों पर युवाओं ने जमकर उत्साह दिखाया और पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट व प्रशंसकों की भीड़ देखने को मिली। मौका था कलर एंड कंकरीट के तीन नए आउटलेट्स के भव्य शुभारंभ का, जिसका आयोजन संस्थान के संचालक सुमित नारंग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किसान भवन से जी.टी. रोड तक निकाले गए भव्य रोड शो से हुई। रोड शो में बड़ी संख्या में शहरवासी, युवा और गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके बाद अमर संधू ने रिबन काटकर नए शोरूमों का शुभारंभ किया और संचालक सुमित नारंग को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में श्री हंस राइस एंड जनरल मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, समाजसेवी योगेश सरदाना, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद आत्मप्रकाश, पार्षद हरीश मदान, उद्योगपति अरमान गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने अमर संधू का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्टेज शो के दौरान अमर संधू ने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवाओं और प्रशंसकों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।

# 105 बच्चों को वितरित की आवश्यक सामग्री

- सीएसआर पहल के तहत बच्चों के कल्याण के लिए बढ़ाया सहयोग का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय करनाल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत एम.डी.डी. बाल भवन में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में रह रहे 105 बच्चों को उनकी दैनिक जरूरतों से जुड़ी आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर एम.डी.डी. बाल भवन के संस्थापक पी.आर. नाथ भी उपस्थित रहे।

मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। बैंक समय-समय पर समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करता रहा है। संस्थापक पी.आर. नाथ ने इस पहल के लिए पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोगात्मक प्रयास बच्चों के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# बांसुरी संगीत के माध्यम से प्रेम का संदेश फैलाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से आयोजित 20 दिवसीय कार्यशाला का विधिवत समापन हो गया। गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद ने सभी प्रभागियों को अगली प्रातः प्रमाण पत्र वितरित कर आशीर्वाद दिया। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ अशोक शर्मा, विभागाध्यक्ष संगीत एवं नृत्य विभाग तथा सुधीर कुमार जी प्रबंधक विद्या भारती रहे। पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा द्वारा 20 दिवसों की विस्तृत रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिदिन किसी न किसी विद्वत जन द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। बांसुरी वादन प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा के बांसुरी गुरु उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन ने भेजे गए वीडियो संदेश में सभी को साधुवाद दिया तथा सुंदर कार्यशाला में सभी सहयोग देने वाले अधिकारियों, प्रशिक्षकों, विशिष्ट अतिथियों व प्रतिभागियों व उनके अभिभावकों को शुभ कामनाएं दी।



## न्यूज डायरी

### श्री शिव महापुराण कथा समापन पर अटूट भंडारा

**घरौंडा।** पंडित प्रदीप मिश्रा जी द्वारा श्री शिव महापुराण कथा के सफल समापन पर नगरखेड़ा पर अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को हरियाणा विधानसभा स्पीकर एवं घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने शिरकत कर कहा की शिव महापुराण कथा को सर्वसमाज, समाजिक व धार्मिक संस्थाओ ने सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, उन्होंने कहा की प्रतिदिन लाखो श्रद्धालुओं का इतनी तपती गर्मी मैं आना छोटा काम नहीं था,नगरखेड़े के प्रधान जोगिंदर राणा ने सफल आयोजन के लिए स्पीकर का धन्यवाद किया, इससे पहले स्पीकर ने नगरखेड़े महाराज का आर्शीवाद लिया, महाराणा प्रताप सभा के प्रधान अमित राणा ने बताया की घरौंडा नगरखेड़े से ही सर्वसमाज की एक बैठक मैं कथा आयोजन का बीड़ा उठाया गया था जो सफल रहा, यह कथा 17 मई से 23 मई तक नई अनाज मंडी मैं चली,, जो सफल रही, सफल समापन आयोजन के लिए नगरखेड़े पर अटूट भंडारा दिया गया, इस पर स्पीकर हरविंदर कल्याण ने सर्वसमाज, समाजिक व धार्मिक संस्थाओ और सफल बनाने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया, किसी ने भी कोई कमी नहीं आने दी

### मोबाइल की लत से दूर रहें छात्र : संजय भाटिया

**नीलोखेड़ी।** राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने आज एस डी एम एन विद्या मंदिर में 10+2की सी बी एस ई परीक्षा परिणाम में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर रहने वाली पूर्विका को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता बृज गुप्ता, मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर ,श्रीमति रेखा चौहान, कविंद्र राणा सहित हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री अर्चना एवं स्कूल प्रबंध कमेटी के अन्य सदस्य तथा एडवोकेट राजेश शर्मा एवं एडवोकेट नवीन कपूर भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा गठित अंतोदय ट्रस्ट के माध्यम से स्कूल की बच्चियों को साईकिल वितरण समारोह में सम्मिलित होने राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, एस डी एम एन विद्यालय में भाग लेने पहुंचे थे। संजय भाटिया ने विशेषकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेषकर मोबाइल की लत से दूर रहने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों,की छात्राओं को करीब 160 साईकलें वितरित की।


प्रथम स्थान पर रहने वाली पूर्विका को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए संजय भाटिया।

### पुरुषोत्तम पूर्णिमा पर बांटा मीठे चावल का प्रसा


**तरावड़ी।** गुरुद्वारा चौक पर श्रद्धालुओं और राहगीरों को मीठे चावल का प्रसाद वितरित करते समाजसेवी।

**तरावड़ी ।** पुरुषोत्तम पूर्णिमा के पावन अवसर पर तरावड़ी के गुरुद्वारा चौंक पर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए मीठे चावलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर धर्म और मानवता का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व है और इस अवसर पर लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता है। मीठे चावलों का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। राहगीरों ने भी इस नेक पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। तरावड़ी की पहचान हमेशा से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेने वाले लोगों के रूप में रही है। चाहे भीषण गर्मी में मीठे पानी की छबील लगाना हो या धार्मिक अवसरों पर प्रसाद वितरण, यहां के लोग सेवा कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। पुरुषोत्तम पूर्णिमा पर आयोजित यह सेवा कार्यक्रम भी इसी भावना का प्रतीक बना। इस अवसर पर अशोक जैन, विनय जैन, प्रिंस चावला, यतिन चावला, प्रवीन मित्तल, शिवम, जशन चौहान, विजय राजपूत, नोनू आदि ने प्रसाद वितरण कर सेवा कार्य किया।

### ढींगड़ा स्मारक समिति के प्रधान बने अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** पंजाबी धर्मशाला के अर्जुन सभागार में शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक समिति की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजन चावला एडवोकेट ने जानकारी दी कि आगामी 3 वर्षों के लिए कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध हुआ। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इससे पूर्व पदाधिकारियों के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि 20 मई तक पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए नामांकन भरे गए थे। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में जहां श्री अशोक अरोड़ा को प्रधान चुना गया वहीं महासचिव के पद पर दीनानाथ अरोड़ा एडवोकेट को निर्वाचित किया। सभी चुनाव सर्वसम्मति से हुए। वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश गुलियानी और नरेंद्र ढींगरा, उप प्रधान गुलशन गाबा तथा विवेक मेहता विक्की, सचिव सोमप्रकाश सचदेवा, कोषाध्यक्ष राजेश पोपली को निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी के 11 सदस्यों के पद पर पवन मिगलानी, संजय कौशल, रामस्वरूप चोपड़ा, कुलवंत राय छाबड़ा एडवोकेट, कृष्ण धमीजा, गर्व बटला, बलदेव राज एडवोकेट, राकेश ढल सीए, अश्विनी अरोड़ा एडवोकेट, सतीश ललित, राजकुमार ढींगड़ा को निर्वाचित घोषित किया गया। इसी के साथ साथ डॉ एसी नागपाल, विजय, मक्खन लाल रल्हन को समिति का संरक्षक बनाया गया।

### किसान हितों के खिलाफ कोई डील स्वीकार नहीं


**कुरुक्षेत्र।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील के विरोध में पुतला फूंकते भाकियू कार्यकर्ता।

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की प्रदेश स्तरीय बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील को चर्चा की गई। बैठक के बाद किसानों ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील का विरोध करते हुए पुतला फूंका। किसानों ने अमेरिका ट्रेड डील पर अमेरीकी डेपुटेशन वापस जाओ के नारे भी लगाए। यूनियन के राष्टÑीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 1 से 4 जून तक अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारत आने वाला है। किसान संगठन इस दौरे का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग इस डील को आगे बढ़ाने के लिए भारत आ रहे हैं, उन्हें किसानों का विरोध झेलना पड़ेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसानों के हितों के खिलाफ होने वाली कोई भी डील स्वीकार नहीं की जाएगी। चढूनी ने कहा कि अमेरिका के साथ होने वाली यह डील तीन कृषि कानूनों से भी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि अमेरिका का क्षेत्रफल भारत से कई गुना ज्यादा है और वहां किसानों को भारी सब्सिडी दी जाती है। ऐसे में अगर अमेरिकी अनाज भारतीय बाजार में आया तो यहां के किसानों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में किसानों को लाखों रुपए की सहायता मिलती है जबकि भारत में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। अगर सस्ता विदेशी अनाज बाजार में पहुंचा तो भारतीय किसान आर्थिक संकट में फंस जाएगा। इस अवसर पर प्रवक्ता राकेश बैंस, संजू गुढियाना, कृष्ण कलाल माजरा, जसबीर मामूमाजरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर माह अंतिम रविवार को लगेगा नि:शुल्क योग शिविर

**पिहोवा।** भारतीय योग संस्थान, पिहोवा द्वारा मॉडल टाउन स्थित बड़ा पार्क में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया। शिविर का आयोजन भारतीय योग संस्थान पिहोवा के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गर्ग के नेतृत्व में तथा संस्थान के संरक्षक महेश तलवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षण का संचालन मुख्य शिक्षक टेकचंद ने किया।

## महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

# सामाजिक जागरूकता, संस्कार व जनसेवा का दिया संदेश

- गुरु नानक हॉस्पिटल में आयोजित श्री सुखमनी साहिब के पावन पाठ में भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को शहर और आसपास आयोजित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए समाज में जागरूकता, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और जनसेवा का संदेश दिया। उन्होंने नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 301वें जन्मोत्सव समारोह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात/" के श्रवण, आर्य युवती चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर तथा गुरु नानक हॉस्पिटल में आयोजित श्री सुखमनी साहिब के पावन पाठ में भाग लिया। भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता एवं पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनजागरण और सामूहिक प्रयास वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। कार्यक्रम में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों, युवाओं पर पड़ रहे प्रभाव और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा नशा मुक्ति विषय पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन से मिलकर युवाओं को नशे के दुष्चक्र से बचाने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने का आह्वान किया।


**करनाल।** बलड़ी सामुदायिक केंद्र में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 301वें जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं विधायक रामकुमार कश्यप।

### बेटियों की शिक्षा को मिली नई रफ्तार

उधर अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा घरौंडा और नीलोखेड़ी में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रमों में भी महापौर रेणु बाला गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में करनाल के सांसद संजय भाटिया मुख्य अतिथि रहे, जबकि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 250 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार है तथा शिक्षित बेटियां ही सशक्त समाज, समृद्ध परिवार और विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव रखती हैं। कार्यक्रम में अनिरुद्ध यादव ने फाउंडेशन की गतिविधियों और भावी योजनाओं की जानकारी भी दी।

## खबर संक्षेप

### बिना तलाक दूसरी शादी करने पर पति समेत 6 पर केस दर्ज

**पानीपत।** पति समेत छह ससुरालियों पर पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी रचाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। यही नहीं कोर्ट परिसर में पहली पत्नी का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायत में शहर की एक कॉलोनी में वासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में सोनीपत निवासी अश्वनी दहिया के साथ हुई थी।

### छोटे बच्चों ने लगाई मीठे पानी की छबील

**पानीपत।** जवाहर नगर के छोटे छोटे बच्चों ने आज पुरूषोत्तम मास की पूर्णिमा पर राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। छोटे.छोटे बच्चों की इस सेवा से हर कोई खुश दिखाई दिया। यही नहीं सभी ठंडा मीठा पानी पीकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। पानी बांट रहे बच्चों ने कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई है।

### आधार से मिलेगी रोजगार संबंधी कानूनी सहायता

**पानीपत।** नागरिकों को न्याय, अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए पानीपत द्वारा 2 जून को जिला न्यायालय परिसर स्थित बार कॉन्फ्रेंस हॉल ग्राउंड फ्लोर में लीगल सर्विस कैंप लगाया जाएगा। जहां 35 से अधिक सरकारी विभाग, आमजन को निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।

### 3 को जलाई जाएगी शिकायतों की प्रतियां

**पानीपत।** नगर निगम के बाहर बुधवार 3 जून दोपहर एक बजे सीएम विंडो पर लगाई शिकायतों का समाधान ना होने पर सभी प्रति कापियों को हवन कुंड के हवाले किया जाएगा। यह घोषणा करते हुए केसरिया हिंदुस्थान निर्माण संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश नारंग ने कहा कि अगर इसके बाद भी काम ना हुआ तो वह नगर निगम की छत पर बैठकर रोजाना 2 घंटे तपस्या करेंगे।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सांई कॉलोनी में दो सगे भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला करने के नाबालिक सहित दो आरोपियों को शनिवार को सांई कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सांई कॉलोनी निवासी निखिल व दूसरे की नाबालिग के रूप में हुई है। शिकायत में बताया था कि एक लडक़े ने उउसके पेट पर चाकू से वार कर दिया। बचाव के लिए शोर किया तो भाई अशोक बचाने के लिए आया।

### एकमुश्त निपटान हुई शुरुआत योजना : गौरव

**पानीपत।** डीईटीसी गौरव चहल ने बताया कि सरकार ने राज्य के व्यापारियों को राहत देने तथा विभिन्न कर कानूनों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों के निपटान के लिए एकमुश्त निपटान योजना ओटीएस 2026 लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 1 जून से 28 सितंबर 2026 तक 120 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी।

## मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

# पीएम मोदी के विचार जनसेवा के लिए करते हैं प्रेरित : डा.अर्चना

*प्रदेशाध्यक्ष गुप्ता ने समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में कार्यकर्ताओं के साथ सुना 134वां संस्करण*

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

**देशवासियों को जल संरक्षण, खेल उपलब्धियों और पर्यावरण संरक्षण पर दिया संदेश**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में आज भिवानी एवं महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर हरियाणा के मंत्री कृष्ण लाल पंवार, मंत्री श्रुति चौधरी, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, विधायक योगेंद्र राणा, विधायक घनश्याम सर्राफ, भिवानी जिला अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सुनने के बाद डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में देशवासियों को समाज सेवा, जल संरक्षण, खेल उपलब्धियों, पर्यावरण संरक्षण, भीषण गर्मी से बचाव तथा राष्ट्रहित में कार्य करने वाले प्रेरक व्यक्तित्वों के उदाहरणों से सकारात्मक संदेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के विचार समाज में सकारात्मक बदलाव और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। देश के विभिन्न हिस्सों में जल बचाने और वर्षा जल संचयन के लिए चल रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नागरिकों को जल संरक्षण पर प्रेरित किया।



**पानीपत।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता, मंत्री कृष्ण पंवार व अन्य पीए मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के उन लोगों का उल्लेख किया जो निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं और अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए देश के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। इससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनभागीदारी प्रेरणा और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के विकास, संस्कृति, सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी को समर्पित कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से प्रत्येक नागरिक को नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा का संकल्प प्राप्त होता है।



**पानीपत।** पीएम मोदी के मन की बात सुनते हुए दुष्यंत भट्ट व अन्य।

### दुष्यंत भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ कृष्णपुरा मंडल में सुनी मन की बात

- **खेलों से व्यक्ति का तन-मन रहता है स्वस्थ : दुष्यंत भट्ट**

**पानीपत।** कृष्णपुरा मंडल द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का आज 134वां एपीसोड बूथ नंबर 133 डा. हेमा रमन के कार्यालय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सुनील कंसल थे। मंडल के अध्यक्ष सचिन सिंगला ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मंडल के महामंत्री राजेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं मन की बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने गुरिंदरवीर सिंह, तेजस्विन शंकर और अन्य एथलीटों की सराहना की। वहीं गर्मियों में देश के अलग.अलग हिस्सों के प्रसिद्ध आमों और इसे उगाने वाले किसानों के योगदान पर भी चर्चा की। वहीं जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने कहा कि खेलों से जहां तन मन स्वस्थ रहता है, वहीं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पदक के अनुसार अच्छी पुरस्कार राशि ओर ऊंची से ऊंची सरकारी नौकरी भी मिलती है। मन की बात कार्यक्रम में राजेश भारद्वाज, पार्षद रॉकी गहलोत, मीनू शर्मा, पूनम कोहली, राजेश शर्मा, सतीश सहगल, रमेश सैन अहरिया, गुरुदत्त सैनी आदि रहे।



**पानीपत।** छाजपुर खुर्द पैक्स पर प्रदर्शन करते हुए पैक्स समिति सदस्य एवं ग्रामीण।

## छाजपुर खुर्द पैक्स पर सदस्यों और ग्रामीणों का रोष प्रदर्शन

- **पैक्स प्रबंधक पर लगाया बिना किसी सक्षम स्वीकृति एवं नियमों का पालन किए दो कर्मचारियों की नियुक्ति करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

छाजपुर खुर्द प्राथमिक कृषि सहकारी समिति पैक्स की प्रबंधक कमेटी के चार सदस्यों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पैक्स प्रबंधक पर अनियमितता करने के आरोप लगाते हुए आज छाजपुर खुर्द पैक्स पर रोष प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पैक्स प्रबंधक ने बिना किसी सक्षम स्वीकृति एवं बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये एक क्लर्क व चपरासी की पैक्स में नियुक्ति कर दी। दोनों कर्मचारियों की उपस्थिती एक जनवरी 2026 से लेकर 10 मार्च 2026 तक रजिस्टर में दर्ज की गई। इस दौरान प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सदस्य मुकेश कुमार, ऊषा देवी व रेखा रावल ने बताया कि दोनों कर्मचारियों की नियुक्ति की जानकारी उनको 27 जनवरी को मिली और शिकायत की गई। सदस्यों ने बताया कि 10,11 व 12 फरवरी को मुख्यालय से टीम छाजपुर पैक्स में जांच के लिये पहुंची पर प्रबंधक ने रिकार्ड उपलब्ध नहीं करवाया।

### ये रहे मौजूद

मामला पानीपत सैंट्रल को.ऑपरेटिव बैंक के जीएम संज्ञान में लाया गया और 17 मार्च को जीएम अपनी टीम के साथ छाजपुर पैक्स पहुंचे और रिकार्ड लिया गया। उसी दिन 29 दिसंबर 2025 की आम सभा की मीटिंग के प्रस्ताव को अवैध घोषित करते हुए पैक्स में लगाये गये दोनों कर्मचारियों तत्काल प्रभाव से हटाने की अनुशंसा की गई। वहीं सहायक रजिस्ट्रार ने 19 मार्च को पैक्स की 29 दिसंबर की बैठक को अवैध घोषित कर दिया। समिति सदस्यों ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पानीपत केंद्रीय सहकारी बैंक के जीएम ने गत 25 मई को पैक्स समिति के सदस्यों को पैक्स प्रबंधक तेजपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने को कहा गया था। उन्होंने सनौली पुलिस थाना में प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिये शिकायत दी हुई है पर आज तक भी पुलिस ने कोई करवाई नहीं की है। इस अवसर पर चूहड़ सिंह रावल, महीपाल, तेजपाल सिंह, सुरेश कुमार पूर्व प्रधान, बिशंभर, मोनू रावल, हवा सिंह व रोशन आदि मौजूद रहे।

## शिविर में आयुर्वेद पर दिया प्रशिक्षण

- **दयानंद पार्क में चल रहा योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा स्वामी दयानंद पार्क सेक्टर 12 हुडा में 10 मई से चल रहे सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत समापन हो गया। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि यह शिविर बहुत सफल रहा। इस शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से भी प्रशिक्षक आए। इसके अलावा जलनेति का अभ्यास कराया गया तथा घरेलू नुस्खे, जड़ी बूटियां, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं अन्य विषयों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अशोक अरोड़ा ने नेचुरोपैथी के अंतर्गत मिट्टी की पट्टी, गीली पट्टी, सूर्य तत्व जल और तेल बनाने की विधि कटी स्नान, रीड स्नान व फेस योगा आदि का अभ्यास कराते हुए इसको नियमित करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं इस शिविर में लगभग 35 सहयोग शिक्षक बने जिनको आगे और योग कक्षाओं में भेज कर नई कक्षा चलाने के लिए अभ्यास कराया जाएगा। मौके पर योग शिक्षक महेंद्र कत्याल, बलवान सिंह, जसमेर सिंह, शीशपाल, मोहन लाल, अशोक अरोड़ा, बलवान शर्मा, महेंद्र कत्याल, राजवीर, रेखा सेतिया, सुमन वधवा, सुरेंद्र सिंगला, चरण सिंह, महेंद्र सिंह भूटानी, अशोक मिगलानी, बिजली सिंह, हरीश वर्मा, इंद्रजीत, नरेंद्र सरपंच, दीपिका सिंगला आदि रहे।



**पानीपत।** दयानंद पार्क में समापन पर योग करते साधक । *फोटो: हरिभूमि*

## मनुष्य को ईश्वर से जोड़ती है सेवा : सुधांशु

- **विराट सनातन भक्ति सत्संग समारोह के सहयोगियों को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री सोमनाथ धाम आश्रम निम्बरी में विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सत्संग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य सुधांशु महाराज के उन प्रेरणादायी प्रवचनों के श्रवण से हुआ, जिन्हें टेलीविजन के माध्यम से प्रसारित किया गया। यह वही दिव्य सत्संग था जो 2 से 5 अप्रैल तक पानीपत में आयोजित विराट सनातन भक्ति सत्संग के दौरान हुआ था। अपने संदेश में पूज्य सुधांशु महाराज ने कहा कि सेवा वह साधना है जो मनुष्य को स्वयं से ऊपर उठाकर समाज और ईश्वर से जोड़ती है।

जीवन की वास्तविक सफलता दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में है। इसके उपरांत कांता छाबड़ा, सरोज रावल एवं अन्य महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या के पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



**पानीपत।** सहयोगियों को सम्मानित करते हुए मंडल के पदाधिकारी।

### इन्हें किया सम्मानित

इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के प्रधान डा.जगजीत आहूजा, महामंत्री गिरीश अरोड़ा, हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, इंद्र चुघ व यशपाल चौधरी द्वारा उन कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विराट सनातन भक्ति सत्संग को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया था। महिला मंडल की अध्यक्ष कांता छाबड़ा, भुवनेश चुघ, लाजपत आहूजा, शिव कुमार, राजेश सेठी, रमेश ढींगड़ा, अंजू ढींगड़ा, गिरीश अरोड़ा, देसराज छाबड़ा, उषा रानी, वीणा अग्निहोत्री, पवन अग्निहोत्री, विनोद खुंगरवाल, आरएन रावल व सरोज रावल शामिल हैं। वहीं गिरीश अरोड़ा ने विश्व जागृति मिशन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी श्रद्धालुओं से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। मंच संचालन भीम डुडेजा ने किया।



## पुरुषोत्तम मास श्री हरि विष्णु की महिमा का प्रिय,पुण्य होता है अर्जित :शास्त्री

**पानीपत।** माडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर सभा द्वारा मंदिर में आयोजित पुरुषोत्तम मास कथा के समापन पर आज व्यास पीठ से कथा वाचक प. बृजकिशोर शास्त्री ने भगवान श्रीहरि विष्णु एवं पुरुषोत्तम मास की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि यह मास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस मास में कथा सुनने व दान करने से जो पुण्य अर्जित होता है वह अन्य माह में नहीं होता। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि कथा के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागृति और धार्मिक चेतना का प्रसार हो रहा है। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा हमेशा से सनातन संस्कृति और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रही है। कथा के विश्राम पर मुख्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें मन्दिर सभा के पदाधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## मॉडल टाउन में खुला गीतांजलि स्टूडियो

- **पानीपत में मेकअप, सौंदर्य, नेल्स और मेल ग्रुमिंग जैसी सुविधाएं होगीं प्रदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

गीतांजली स्टूडियो ने 31 मई को मॉडल टाउन में एक समारोह में नयी शाखा की शुरुआत की। इस उत्कृष्ट आयोजन को गीतांजलि स्टूडियो और सैलून के निदेशक और प्रसिद्ध हेयर स्टाइलिस्ट सुमित इसरानी की मौजूदगी में आयोजित किया गया था। सुमित इसरानी ने कहा पानीपत में गीतांजलि स्टूडियो की नवीनतम शाखा के खुलने से गीतांजलि स्टूडियो का एक नया पन्ना खुल रहा है और मैं उत्साहित हूँ कि यहाँ आने वाले सभी के दिल में अद्वितीय छाप छोड़ेगा। गीतांजलि स्टूडियो के फ्रैंचाइज पार्टनर्स ईशा शर्मा और नितीश महाजन ने यह साबित किया है कि वे इस प्रतीक्षित प्रोजेक्ट में अपनी पूरी मेहनत और समर्पण से जुटे हैं। विशेष प्रोजेक्ट में जहाँ बाल, मेकअप, सौंदर्य, नेल्स और मेल ग्रूमिंग जैसी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। गीतांजलि स्टूडियो और सैलून एक प्रतिष्ठित हाई स्ट्रीट सैलून श्रृंखला के रूप में खड़े हैं। जिसमें भारत भर में 200 सैलूनों की व्यापक नेटवर्क है।



**पानीपत।** गीतांजली स्टूडियो की नयी शाखा का शुभारंभ करते सुमित इसरानी व अन्य।

## साइबर ठगों के प्रलोभन में न आएं, रहें सावधान: एसपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला पुलिस पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए.नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी सामने आया है। साइबर ठग पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब करने के लिए लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप, टेलीग्राम मैसेजिंग, वैबसाइट, मोबाइल एप व अन्य माध्यमों से लिंक भेजते हैं और उस लिंक को आगे अन्य लोगों को फॉरवर्ड करके अधिक पैसा कमाने के लिए कहा जाता है।



पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह।

## महाराणा प्रताप के सम्मान में हुआ चौक का शिलान्यास, ग्रामीणों ने विधायक का किया स्वागत

# महाराणा प्रताप का स्वाभिमान आज भी राष्ट्र की प्रेरणा : महीपाल ढांडा

*महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के महानायक हैं, जिनका जीवन राष्ट्र के लिए सर्वोपरि*

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के सम्मान में वार्ड नंबर.1 स्थित अंसल में महाराणा प्रताप चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आज भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत भूमि पूजन कर चौक निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, साहस और स्वाभिमान की अद्भुत गाथा है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा के संकल्प से समझौता नहीं किया। उनका संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता, सम्मान और राष्ट्रहित के लिए संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर पार्षद अनिता सुरेंद्र परुथी, मनजीत कौर, अनिल शर्मा, चरणजीत राणा सरपंच ददलाना, पवन राणा, राजेश राणा, दाता राणा, सुधीर राणा रहे।



**पानीपत।** महाराणा प्रताप चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन करते मंत्री महीपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का केंद्र बनेगा चौक

वहीं मेयर कोमल सैनी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह चौक क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का केंद्र बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को अपने महान इतिहास और संस्कृति से परिचित कराएगा। कार्यक्रम के संयोजक कपिल राणा ने सभी अतिथियों, समाज के प्रबुद्धजनों और नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से ही ऐसे प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक कार्य संभव हो पाते हैं।



## अनु कालड़ा सावित्रीबाई फुले टीचर एप्रिसिएशन आवार्ड से सम्मानित

**पानीपत।** शिक्षा, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पानीपत की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाजसेविका डॉ. अनु कालड़ा को सावित्रीबाई फुले टीचर एप्रिसिएशन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत की प्रथम महिला शिक्षक व समाज सुधारक सावित्री फुले की स्मृति में भारत एजुकेशन फोरम द्वारा कॉलेज यात्रा एवं स्कूल यात्रा के सहयोग से आयोजित समारोह में नई दिल्ली में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हरी ओम चौरसिया ने बताया कि यह पुरस्कार एनसीआर के उन शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को प्रदान किया जाता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

### युवती पर बदमाश बुलाकर गार्ड को पिटवाने का आरोप

**पानीपत।** ब्रेजा कार सवार युवती ने एक 66 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड की केवल इस बात पर बदमाशों से पिटाई कर दी क्योंकि उसने युवती से कॉलोनी में देर से आने का कारण पूछ लिया था। वहीं घायल सिक्योरिटी गार्ड के ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में संजय कॉलोनी निवासी राजा ने बताया कि वह विराट नगर फेज.2 नजदीक बीपीआर स्कूल गली नंबर 7-8 में सिक्योरिटी गार्ड है। शनिवार 30 मई की रात करीब 12:40 बजे वहां एक सफेद रंग की ब्रेजा गाड़ी आकर रुकी। विराट नगर की ही रहने वाली परी उसके साथ बहस करने लगी। पीड़ित के अनुसार इसी युवती ने करीब 10 दिन पहले 18-19 मई की रात भी कॉलोनी में आने का कारण पूछने पर उसके साथ बहसबाजी की थी।

खबर संक्षेप

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। एवीटी टीम ने वाहन चोरी के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरोह के दूसरे मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि 29 मई 2026 को एवीटी टीम ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी जोनी उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी जोनी से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने थाना अंबाला शहर के अलावा थाना महेशनगर और अंबाला छावनी के क्षेत्रों से भी कई दोपहिया वाहन चोरी करने की बात कबूल की। रिमांड के दौरान ही आरोपी ने इस धंधे में शामिल अपने साथी के नाम का खुलासा किया था। आरोपी जोनी उर्फ बाबा से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर एवीटी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए उसके साथी गगनदीप उर्फ गग्गू को गिरफ्तार किया।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव दुखेड़ी स्थित घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण लाल ने बताया कि शिकायतकर्ता आशू ने 30 मई 2026 को शिकायत दी थी कि गांव दुखेड़ी स्थित घर के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी नितेश कुमार उर्फ अंडा को गिरफ्तार कर उससे चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई है। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### अधिकमास की पूर्णिमा पर लगाया मंदिर में भंडारा

**उचाना।** अधिकमास की पूर्णिमा पर पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर धर्मशाला में महिलाओं द्वारा भंडारा लगाया गया। मंदिर पुजारी अशोक पुजारी ने अधिकमास की पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अधिकमास में दान का बड़ा महत्व होता है। अधिकमास की पूर्णिमा के पक्ष में महिलाओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया है। अन्न से बड़ा कोई दान नहीं होता है। पूरे दिन भंडारा मंदिर परिसर में चला। अन्न, जल की सेवा करनी चाहिए। अन्न से देवता, पितृ, ऋषि सब तृप्त हो जाते है। भंडारे के साथ-साथ जल की सेवा करनी चाहिए। आज हम सब संकल्प लें कि अपने जीवन में दया, सेवा और परोपकार की भावना को अपनाएंगे तथा जरूरतमंदों की सहायता करेंगे।

### सोने की बालियां लूटने के आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सफीदों में बुजुर्ग महिला के कानों की बालियां झपटने वाले आरोपितों से पुलिस ने बालियां बरामद कर ली हैं। इसके अलावा वारदात में प्रयोग की गई बाइक भी पुलिस ने बरामद करके कब्जे में ले ली है। आरोपित दो दिन के रिमांड पर चल रहे हैं। सोमवार को उनको दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा।

## सांसद का आरोप, रेत को मिट्टी बताकर करवाया जा रहा राजस्व का नुकसान

# जलभराव को लेकर कांग्रेस सड़कों पर सरकार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

मानसून सिर पर जलभराव के समाधान के लिए प्रशासन ने नहीं कराया नदियों, ड्रेनों और नालों की खुदाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



अंबाला। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते सांसद वरूण चौधरी।

बरसाती सीजन में होने वाली जलभराव की समस्या को लेकर लोकसभा सांसद वरूण चौधरी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मारकंडा नदी पर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आमजन के समर्थन से हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार का ध्यान क्षेत्र में जलभराव समस्या की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान मुलाना विधायक पूजा भी प्रदर्शन में मौजूद रही। कार्यक्रम के मंच का संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान द्वारा किया गया।

सांसद ने कहा कि मानसून का मौसम नजदीक है लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नदियों, ड्रेनों और नालों की समुचित सफाई एवं खुदाई का कार्य नहीं कराया गया है। इस कारण बरसात के दौरान खेतों, सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। जलभराव के कारण हर वर्ष लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार और प्रशासन इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। सांसद ने कहा कि गत वर्षों क्षेत्र में बाढ़ के कारण जनमानस के जान-माल,पशुधन व्यापारी वर्ग का बहुत नुकसान हुआ था। सरकार को मानसून सीजन आने से पहले समय रहते सतर्क होकर मारकंडा, बेगना, घग्गर,टांगरी,सोम सहित अन्य सभी नदियों की खुदाई व नालों की सफाई का काम युद्धस्तर पर करना चाहिए था लेकिन मारकंडा नदी में खुदाई के लिए केवल एक पोकलेन मशीन लगाई गई है जो नाकाफी है। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र में अधिकतर लोगों के घर मारकंडा नदी से निकलने वाले रेत से बने हैं। सरकार इस रेत को मिट्टी बता रही है। सरकार ने मारकंडा नदी की खुदाई के लिए जो टेंडर जारी किया है वह रेत की जगह मिट्टी का किया है जिससे साफ़ ज़ाहिर होता है कि सरकार प्रदेश के राजस्व को नुकसान पहुंचा रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन से हस्ताक्षर करवाकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। सांसद ने ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान क्षेत्रवासियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है।अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। चौधरी ने सरकार से मांग की कि मानसून शुरू होने से पहले सभी नदियों, ड्रेनों और नालों की अधिक से अधिक संसाधन लगाकर तत्काल सफाई एवं खुदाई करवाई जाए ताकि क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। सांसद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जलभराव की समस्या को हल करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए तो जनता के साथ चंडीगढ़ तक पैदल मार्च किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता,पंचायती राज जिला अध्यक्ष वीर देविंदर लाल , प्रमोद गर्ग, निखिल शर्मा , नरेश सैनी, सुनील शर्मा, मास्टर रवि अरोड़ा,जीवन सहगल, नरेंद्र शर्मा, रजनीश, अरुण चौहान समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### विधायक ने विस में उठाया था जलभराव का मुद्दा

सांसद ने कहा कि विधायक पूजा द्वारा भी विधानसभा में जलभराव की समस्या को लेकर आवाज़ उठाई गई थी। सांसद के तौर पर मेरे द्वारा भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर व सुझाव के माध्यम से भी यह मांग रखी गई लेकिन अभी तक जलभराव की समस्या को लेकर कोई कार्य नहीं हुआ है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में मानसून सीजन के दौरान जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिससे गांवों और शहरों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे आमजन के घरों, पशुधन,किसानों की फ़सल और व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। सरकार की ढिलाई के कारण पिछले सालों में बाढ़ से किसानों की फसलें बर्बाद हुईं और आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आमजन पहले ही मंदी से त्रस्त है और सरकार नदियों की खुदाई न करवाकर उन्हें पीछे धकेलने का काम कर रही है।

## डीएमडी पीड़ितों के लिए वरदान साबित होगा आश्रम



झज्जर। सेवा धाम आश्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

- फिजियोथेरेपी, आवास और भोजन की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

दुर्लभ एवं गंभीर बीमारी ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) से पीड़ित बच्चों के लिए रविवार का दिन नई उम्मीद लेकर आया। गांव साहा स्थित सेवा धाम आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा रेल मंत्रालय के उपक्रम डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र को समाज को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरणों का लोकार्पण करते हुए कहा कि डीएमडी जैसी दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण बीमारी से प्रभावित बच्चों तथा उनके परिवारों को सहयोग देना समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक संस्थाओं, उद्योग जगत और सरकारी उपक्रमों को मिलकर कार्य करना चाहिए। प्रवीण कुमार ने सेवा ट्रस्ट यूके के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र डीएमडी पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य, पुनर्वास और जीवन-स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर डीएफसीसीआईएल के निदेशक पवन कुमार राय, कार्यकारी निदेशक संदेश श्रीवास्तव तथा महाप्रबंधक आलोक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल और वाइस चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र जैन ने बताया कि लगभग 59,895 वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित किए जा रहे सेवा धाम आश्रम में डीएमडी से पीड़ित बच्चों को निशुल्क फिजियोथेरेपी, आवास और भोजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह बीमारी बच्चों की मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर कर देती है। इसका उपचार अत्यंत महंगा होने के कारण अधिकांश परिवार इसे वहन नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि भविष्य में यहां हाइड्रोथेरेपी, योग, मेडिटेशन, आयुर्वेदिक चिकित्सा और अन्य पुनर्वास सेवाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 48 लाख से टांगरी नदी बांध को मिलेगी मजबूती

- पानी से सुरक्षा हेतु 11 फुट ऊंचा व 17 फुट चौड़ा बांध बनेगा,रामपुर, सरसेहड़ी, चंदपुरा, इंडस्ट्रियल एरिया को मिलगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। इस जमीन पर बनेगा अस्थायी बांध। फोटो : हरिभूमि

टांगरी नदी के दूसरी ओर सरसेहड़ी से चंदपुरा तक बांध को मजबूत करने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस कार्य के लिए लगभग 48 लाख रुपए की लागत से टेंडर लगा दिए गए हैं। मंत्री अनिल विज कहा कि बहुत जल्द टेंडर अलॉट कर कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरसेहड़ी से चंदपुरा तक 4500 फुट लंबा अस्थाई बांध बनेगा जोकि 11 फुट ऊंचा व 17 फुट चौड़ा होगा। बांध पर मिट्टी से भरे कट्टे लगाकर उसे मजबूती प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताकि बरसातों से पहले क्षेत्र को सुरक्षा मिल सके। इस कार्य के होने से टांगरी नदी के आसपास क्षेत्रों खासकर रामपुर, सरसेहड़ी, चंदपुरा, इंडस्ट्रियल एरिया व कई कॉलोनियों को सुरक्षा मिलेगी। गौरतलब है कि टांगरी नदी के आसपास क्षेत्रों को सुरक्षा मिली है। गत दिनों ही टांगरी नदी बांध पर 7.34 करोड़ रुपये की लागत से 'स्टोन पीचिंग' कार्य को प्रारंभ किया गया है। इस परियोजना के तहत बब्याल से पंजाब बॉर्डर तक टांगरी नदी के तटबंधों को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार से 2.80 करोड़ रुपए से महेशनगर पंप हाउस की इमारत के पुनर्निर्माण व नए फ्लड गेट को ऊंचा करने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। अंबाला जिले में मानसून के दौरान नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ जैसे हालात हो जाते है। जिससे लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ता है।

## 21 दिन की कठिन 'पंचधुनी तपस्या' में लीन हुए बाबा रुद्र गिरी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



मुलाना। पांच धुनी के बीच तपस्या करते बाबा रुद्रगिरी महाराज। फोटो : हरिभूमि

पावन मार्कंडेय नदी के तट पर इन दिनों आस्था और तपस्या का केंद्र बना हुआ है। यहां साधु रुद्र गिरी महाराज लोक कल्याण और विश्व शांति की कामना को लेकर 21 दिवसीय कठिन पंचधुनी तपस्या में लीन हैं। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच पांच धुनों (अग्निकुंडों) के मध्य बैठकर की जा रही उनकी यह कठोर साधना श्रद्धालुओं और लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पहली बार किसी साधु द्वारा इस प्रकार की पंचधुनी तपस्या की जा रही है। तपस्या 6 मई तक चलेगी। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बाबा रुद्र गिरी महाराज अग्नि के बीच बैठकर ध्यान और साधना करते हैं। एक ओर आसमान से बरसती प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर चारों तरफ सुलगती अग्नि के बीच उनका तप लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। बाबा रुद्र गिरी महाराज के साथ यहां उपस्थित साधुओं ने बताया कि यह तपस्या समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण की भावना से की जा रही है।

## सोमनाथ धाम के लिए 8 को कुरुक्षेत्र से रवाना होगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वृद्धजन लाभार्थियों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निशुल्क दर्शन करवाने के उद्देश्य से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 8 जून को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि पात्र लाभार्थी 6 जून तक सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए पात्र नागरिक समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। साथ ही लाभार्थी हरियाणा का मूल निवासी हो। उसकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। यात्रा के दौरान सभी लाभार्थियों को अपना मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लाना अनिवार्य होगा। लाभार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

## एकमुश्त निपटान योजना का 1.15 लाख छोटे व्यापारियों ने उठाया लाभ

- 1 से 1 लाख रुपये तक ब्याज व जुर्माना राशि में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 में छोटे व्यापारियों को लाभ देने के लिए एकमुश्त निपटान स्कीम को व्यापारियों ने हाथों-हाथ लिया है। 1,15,223 व्यापारियों ने योजना का लाभ उठाया। इस स्कीम की कामयाबी को देखते हुए सरकार ने एक बार फिर निपटान स्कीम लाने का विचार किया है। इसके द्वारा पुराने बकायों को निपटाया जा सके तथा अदालतों में लंबित मुकदमों का समाधान किया जा सके। जीएसटी में कम से कम बकाया राशियों के साथ आगे बढ़ा जाए ताकि जीएसटी संग्रह को बढ़ाने में अधिक से अधिक समय और ध्यान दिया जा सके। सरकार ने 1 जून 2026 से 120 दिनों के लिए 28 सितंबर 2026 तक एकमुश्त निपटान स्कीम, 2026 का शुभारंभ किया था। डीईटी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि यह स्कीम सात कराधान अधिनियमों के तहत निर्धारित बकाया देय राशि के निपटान का प्रावधान करती है। यदि किसी करदाता पर एक वर्ष में 1 लाख रुपये तक का कर बकाया है तो उसे इस स्कीम में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

### छह अधिनियमों के अधीन उपलब्ध छूट

स्कीम के तहत 1 रूपए से 1 लाख रूपए तक कर छुट का 100 प्रतिशत तथा ब्याज व जुर्माना राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसी प्रकार से 1 लाख रूपए से अधिक 10 लाख रूपए तक कर छुट का 60 प्रतिशत तथा ब्याज व जुर्माना राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 10 लाख रूपए से अधिक 1 करोड़ रूपए तक कर छुट का 50 प्रतिशत तथा ब्याज व जुर्माना राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 1 करोड़ रूपए से अधिक 10 करोड़ रूपए तक कर छूट का 40 प्रतिशत तथा ब्याज व जुर्माना राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।



### झांसा में लगाया शिविर, 90 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए मे आई हेल्प यू ग्रुप, झाँसा द्वारा एम. एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झांसा में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर में कुल 115 लोग रक्तदान करने पहुंचे जिनमे 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। रक्त संग्रहण का कार्य गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल चंडीगढ़ की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन गाबा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की व रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान भी किया। विद्यालय प्रबंधक रत्न लाल गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज में जागृति का संदेश देता है। इस मौके पर वरुण जसूजा, जय कुमार अग्रवाल, साहिल मल, करण कटारिया, सौरभ गर्ग, संत शर्मा, नीरज गुप्ता, नितिन मुंजाल, अमित गिरधर, सचिन पुजानी, नरेंद्र गुलाटी, जोनू ग्रोवर, संजीव गर्ग, रमन, कार्तिक सैनी आदि रहे।

### खाटू श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त

**थानेसर।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.) द्वारा न्यू शांति नगर में माता बनभौरी मंदिर के निकट श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया संकीर्तन में मुख्य यजमान शेर सिंह सैनी परिवार ने श्याम पूजन किया। भक्तों ने श्री श्याम जी का पुष्प श्रृंगार किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दिल्ली से गायिका बहनें गर्ग सिस्टर और बब्बू चावला ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। श्रीश्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा, सचिव अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, राजेश मोदगिल, आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, अशोक अरोड़ा आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### 1.10 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**उचाना।** जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 के घसो गांव में 1.10 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने किया। अध्यक्षता वार्ड पार्षद इंदू बाला ने की। पीने के पानी के लिए पाइप लाइन, तालाब में पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन पर 48 लाख, जनरल चौपाल निर्माण पर 16.70 लाख, राजकीय स्कूल में 9 लाख से प्रार्थना शैड के निर्माण सहित अन्य कार्यों का उदघाटन किया। मनीषा रंधावा ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में निरंतर प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे है। सीएम नायब सिंह सैनी की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की सोच को आगे बढ़ाते हुए कार्य करवाए जा रहे है।

## पीएम मोदी देशवासियों से करते हैं सीधा संवाद

# 'मन की बात' देश को जोड़ने का सशक्त माध्यम: विज

देश के विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले लोगों को मिलती है पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम को सुनते मंत्री अनिल विज।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश हमारा है, इसे आगे बढ़ाने के लिए हमें स्वयं आगे आना होगा, यही 'मन की बात' कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक है, जिसने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों और उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी प्रधानमंत्री द्वारा जनता तक पहुंचाई जाती है।

विज रविवार को अंबाला छावनी के सदर बाजार में राजेश शर्मा के होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने एवं देखने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के माध्यम से पूरे देश को जोडऩे का कार्य किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों, नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले लोगों तथा अनसुने नायकों के साहस और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य यह कार्यक्रम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' शुरू होने से पहले देशवासियों को ऐसे अनेक प्रेरक कार्यों और व्यक्तित्वों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्येक माह 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में हो रही उपलब्धियों तथा सकारात्मक प्रयासों की जानकारी सांझा करते हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों गुरविंद्र सिंह और अन्वेष से दूरभाष पर बातचीत कर उनकी खेल उपलब्धियों की सराहना की तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और सकारात्मक सोच के बल पर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चयनित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।